150

# सहारनपुर विकास प्राधिकरण,
# सहारनपुर।

## *54वीं बोर्ड बैठक*

# विचाराधीन विषयों की सूची

दिनांक : 08.06.2018
समय : अपरान्ह् 01.00 बजे
स्थान : सर्किट हाउस,
सहारनपुर।

Scanned by CamScanner

दिनांक 08.06.2018 को सम्पन्न हुई सहारनपुर विकास प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक का कार्यवृत्त।

उपस्थिति :–

1– श्री सी०पी० त्रिपाठी — अध्यक्ष
आयुक्त
सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।

2– श्री आलोक कुमार पाण्डेय — सदस्य
जिलाधिकारी
सहारनपुर।

3– श्री ज्ञानेन्द्र सिंह — उपाध्यक्ष
उपाध्यक्ष
विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।

4– श्री ज्ञानेन्द्र सिंह — सदस्य
नगर आयुक्त
नगर निगम, सहारनपुर।

5– श्री ए०के० राय, — सदस्य
प्रभारी अपर निदेशक (कोषागार)
सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।
प्रतिनिधि–सचिव, वित्त विभाग, उ०प्र०शासन,लखनऊ।

6– श्री निलेश कटियार — सदस्य
सहायक नियोजक
प्रतिनिधि–मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ०प्र०, लखनऊ।

– श्री सूरजलाल, — सदस्य
अधीक्षण अभियन्ता
उ०प्र० जल निगम,
निर्माण मण्डल, सहारनपुर।

– श्री मोहित कुमार, — सदस्य
सहायक अभियन्ता
प्रतिनिधि – अधीक्षण अभियन्ता, सहारनपुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, सहा०

श्री यादराम यादव, — विशेष आमन्त्री
उपमहानिरीक्षक, निबन्धन
सहारनपुर।

Scanned by CamScanner

एजेन्डा आईटम संख्या : 54/01

विषयः दिनांक 23–10–2017 को सम्पन्न हुई 53वीं बोर्ड बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।

गत बोर्ड बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

एजेन्डा आईटम संख्या : 54/02

विषयः दिनांक 23–10–2017 को सम्पन्न हुई 53वीं बोर्ड बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।

| एजेन्डा आईटम सं0 | विषय | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 53/01 | दिनांक 23–10–2017 को सम्पन्न हुई 53वीं बोर्ड बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि। | अनुपालन अवशेष नही है। |
| 53/02 | दिनांक 23–10–2017 को सम्पन्न हुई 53वीं बोर्ड बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या। | अनुपालन आख्या अवलोकित किया गया। |
| 53/03 | प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत "अफोर्डेबल हाउसिंग–इन–पार्टनरशिप" मद के अन्तर्गत प्रदेश में आर्थिक दृष्टि से दुर्बल वर्ग हेतु भवनों का निर्माण। | मा0 बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्यालय के पत्र सं 3088/ एसडीए/ अभि0खण्ड/2017 दिनांक 27.12.2017 के क्रम में पुनः अनुरोध करते हुए शासन को अनुस्मारक पत्र प्रेषित किया जाये तथा प्रकरण को आगामी बोर्ड बैठक मे विचारार्थ प्रस्तुत किया जाये। |
| 53/04 | ट्रांसपोर्ट नगर योजना के समीप निर्माणाधीन भवनो को एर्फोडेबल हाउस में परिवर्तित करने के सम्बन्ध में। | निर्देशित किया गया कि अवशेष कार्य को पूर्ण कराकर शासनादेशानुसार नीलामी की नियमानुसार कार्यवाही की जायें। |
| 53/05 | ट्रांसपोर्ट नगर के भूखण्डों पर निर्माण न करने के कारण अधिभार शुल्क के सम्बन्ध में। | निर्देशित किया गया कि सर्वप्रथम उपाध्यक्ष द्वारा स्वंय सम्बन्धित पक्षों से वार्ता/बैठक कर लें तदोपरान्त सम्पूर्ण तथ्यों का उल्लेख करते हुए औचित्यपूर्ण प्रस्ताव प्राधिकरण की आगामी बोर्ड में प्रस्तुत करें। |
| 53/06 | सहारनपुर विकास प्राधिकरण का वित्तीय वर्ष 2016–2017 एवं वित्तीय वर्ष 2017–2018 का पुनरीक्षित बजट स्वीकृत करने के सम्बन्ध में। | इस सम्बन्ध में परिचालन के माध्यम से आहूत बैठक में प्रस्ताव स्वीकृत किया जा चुका है। अवलोकित एवं अनुमोदित। |
| 53/07 | साहिबजी नगर, सहारनपुर के निकट सटी सीलिंग की अतिरिक्त घोषित भूमि खसरा नम्बर 24मि0 व 25मि0 दराशिवपुरी तहसील सदर जिला सहारनपुर मे सहारनपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष/अधिकारियों/अभियन्ताओं के आवास हेतु निर्माण की स्वीकृति के सम्बन्ध में। | मा0 बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया कि प्राधिकरण के चारों सहायक अभियन्ता अर्बन सीलिंग भूमि का सर्वे करते हुए स्थल पर उपयोगिता के संबंध में आख्या/प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत करें। |
| 53/08 | सहारनपुर महायोजना–2021 में निर्धारित बाजार क्षेत्र एवं सघन बाजार में लागू भवन उपविधि 2008 में विद्यमान विसंगतियों के समाधान के सम्बन्ध में। | चूँकि मा0 बोर्ड द्वारा प्रस्ताव निरस्त किया जा चुका है, अतः अनुपालन अवशेष नही है। |
| 53/09 | दिल्ली रोड़, अम्बाला रोड़ व देहरादून रोड़(मुख्य मार्गो) के दोनो ओर व्यवसायिक पट्टी प्रस्तावित किये जाने के सम्बन्ध में। | चूँकि मा0 बोर्ड द्वारा प्रस्ताव निरस्त किया जा चुका है, अतः अनुपालन अवशेष नही है। |
| 53/10 | सहारनपुर विकास क्षेत्र के अंतर्गत विकसित/विकासशील अनाधिकृत कॉलोनियो को नियमित करते हुए भवनो के मानचित्र स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में। | निर्देशित किया गया कि प्राधिकरण के चारों सहायक अभियन्ता अपने अपने क्षेत्रों में नई अवैध कालोनियों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए आख्या आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत करें। उक्त के अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया कि |

Scanned by CamScanner

153

| | | |
|---|---|---|
| | | प्राधिकरण उपाध्यक्ष, जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से समन्वय स्थापित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कराते हेतु कार्ययोजना तैयार करायें। |
| 53/11 | प्राधिकरण के प्रवर्तन सम्बन्धी कार्यो के उपयोग हेतु एक नई जे0सी0बी0 मशीन क्रय किये जाने के सम्बन्ध में। | प्रस्ताव अस्वीकृत किया गया। |
| 53/12 | प्राधिकरण के प्रवर्तन सम्बन्धी कार्यो के अन्तर्गत ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के सम्बन्ध में जिला प्रशासन/पुलिस विभाग द्वारा समय-सारिणी निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में। | प्रकरण में कार्ययोजना तैयार कर आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। |

**एजेन्डा आईटम संख्या : 54/03**

विषय : **परिचालन के माध्यम से समय-समय पर आहूत बोर्ड बैठकों के कार्यवृत की पुष्टि/अनुपालन आख्या।**

परिचालन के माध्यम से समय-समय पर आहूत बोर्ड बैठकों के एजेण्डा/कार्यवृत्त की पुष्टि मा0 बोर्ड द्वारा की गयी।

**एजेन्डा आईटम संख्या : 54/04**

विषय : **ग्राम दरा शिवपुरी स्वाद बैरून की अर्बन सीलिंग भूमि खसरा संख्या 24मि0, 25मि0, 20मि0 व 21मि0 का कुल रकबा 4369.44 वर्ग मी0 भूमि जो कि सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर को स्थानान्तरित है, में अन्य भूस्वामी श्रीमति कंचन जुनेजा की 142.18 वर्ग मी0 भूमि को दूसरी तरफ खसरा सं0 21 से विनिमय करने हेतु।**

मा0 बोर्ड द्वारा प्रश्नगत भूमि का मूल्यांकन कराने हेतु एक समिति गठित की गयी जिसमें उपमहानिरीक्षक (निबन्धन), उपजिलाधिकारी सदर, मुख्य अभियन्ता नगर निगम एवं सचिव स0वि0प्रा0 सम्मिलित रहेंगे। उक्त समिति द्वारा तथ्यात्मक आख्या के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि क्या प्रश्नगत भूमि का विनिमय किया जा सकता है? तथा नियमानुसार स्टाम्प की कितनी देयता होगी?

समिति की संयुक्त आख्या के साथ प्रकरण को आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**एजेन्डा आईटम संख्या : 54/05**

विषय : **"रणदीप सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट" स्थित ग्राम चुनैहटी गाड़ा, सहारनपुर के शमन मानचित्र संख्या 544/2009-10 के अन्तर्गत शासनादेश संख्या 895(1)/8-3-16-64 काम्प/16 दिनांक 18.07.2016 के अनुसार कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

मा0 बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया कि सर्वप्रथम प्रकरण में आवेदक द्वारा प्रस्तुत संशोधित मानचित्र के सम्बन्ध में सयुक्त नियोजक मेरठ से आख्या सहित पत्रावली प्राप्त करते हुए प्राधिकरण उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में नगर एवं ग्राम नियोजक, उ0प्र0, अपर निदेशक(कोषागार) तथा प्राधिकरण के वित्त एवं लेखाधिकारी की समिति गठित करते हुए परीक्षण कराया जाये। प्रकरण को सम्पूर्ण तथ्यों एवं औचित्य सहित प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किया जाये।

**एजेन्डा आईटम संख्या : 54/06**

विषयः- **मा0 श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना (तृतीय चरण) के अन्तर्गत अधूरे पड़े भवनों के निर्माण का कार्य।**

उक्त के क्रम में मा0 बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया कि योजना में एक-एक ब्लाक के निर्माण का कार्य अवस्थापना निधि से पूर्ण किया जाये तथा इसके अन्तर्गत जनसुविधाओं हेतु कराये जाने वाले सभी कार्यो का अलग-अलग आगणन तैयार कर प्रस्तुत किया जाये।

Scanned by CamScanner

मा0 बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया कि अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत को आगामी बोर्ड बैठक में विशेष आमन्त्री के रूप में आमन्त्रित किया जाये।

**एजेन्डा आईटम संख्या : 54/07**

**विषय :** सहारनपुर विकास क्षेत्र में नियोजित कालोनियों/तलपट मानचित्रों के भूखण्डों के आमेलन के सम्बन्ध में।

मा0 बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रकरण में श्री कटियार, सहायक नियोजक से आख्या प्राप्त करते हुए उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में नियमानुसार परीक्षण कराकर सम्पूर्ण तथ्यों एवं औचित्य सहित प्रस्ताव प्राधिकरण की आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

**एजेन्डा आईटम संख्या : 54/08**

**विषय :** किसी परियोजना/कार्य में 10 प्रतिशत से अधिक के विचलन की स्थिति में विचलन का अनुमोदन प्राधिकरण बोर्ड से कराये जाने के सम्बन्ध में।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1, उ0प्र0शासन के शासनादेश संख्या 2228/आठ-1-17-126वि/2017 दिनांक 20.11.2017 का अवलोकन करते हुए इसमें दिये गये प्राविधानानुसार कार्यवाही किये जाने की स्वीकृति मा0 बोर्ड द्वारा प्रदान की गयी।

**अनुपूरक एजेन्डा आईटम संख्या : 01 (मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से)**

**विषय :** ग्राम छिदबना के खसरा नं0 578, 579 एवं 580 पर डा0 राजीव कुमार तिवारी द्वारा नसिंग होम के निर्माण हेतु प्रस्तुत मानचित्र सं0 347/2016-17 पर सहारनपुर महायोजना 2021, जोनिंग रेगुलेशन एवं प्रचलित भवन उपविधि के प्राविधानों के अन्तर्गत स्वीकृति के सम्बन्ध में।

मा0 बोर्ड द्वारा प्रस्ताव को अवलोकित करते हुए सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

(मोहित कुमार)
सहायक अभियन्ता
प्रतिनिधि-अधीक्षण अभियन्ता, सहारनपुर वृत्त,
लोक निर्माण विभाग, सहारनपुर।

(ए0के0 राय)
प्रभारी अपर निदेशक(कोषागार)
सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।
सहारनपुर।

(निलेश कटियार)
सहायक नियोजक,
प्रतिनिधि-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,उ0प्र0
लखनऊ।

(सूरजभान)
अधीक्षण अभियन्ता,
उ0प्र0 जल निगम,
निर्माण मण्डल, सहारनपुर।

(ज्ञानेन्द्र सिंह)
उपाध्यक्ष/नगर आयुक्त,
विकास प्राधिकरण/नगर निगम,
सहारनपुर।

(आलोक कुमार पाण्डेय)
जिलाधिकारी,
सहारनपुर।

(सी0पी0 त्रिपाठी)
अध्यक्ष/आयुक्त
विकास प्राधिकरण/सहारनपुर मण्डल,
सहारनपुर।

Scanned by CamScanner